**प्रेस विज्ञप्ति** देहरादून, 17 सितम्बर 2025

# डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून में स्ववित्त पोषित कोर्सों में प्रवेश हेतु अंतिम पंजीकरण का अवसर: समर्थ पोर्टल पुनः खुला

उत्तराखण्ड राज्य उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून में श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, टिहरी से सम्बद्ध स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस संदर्भ में समर्थ पोर्टल को दिनांक **17 सितम्बर 2025 से 19 सितम्बर 2025 रात्रि 11:55 बजे तक** पुनः खोल दिया गया है। सभी इच्छुक तथा पात्र छात्र-छात्राएँ निर्धारित अवधि के भीतर पंजीकरण कर इस अवसर का लाभ अवश्य लें। प्रवेश एवं शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि **20 सितम्बर 2025** निर्धारित की गई है। डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून का आधिकारिक वेबसाइट लिंक है: https://davpgcollegeddn.ac.in जहां से समस्त शैक्षणिक, प्रवेश और अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है। डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून में प्रवेश हेतु पाठ्यक्रम, योग्यता एवं समन्वयकों का विवरण निम्न प्रकार है:

| **पाठ्यक्रम (Course)** | **योग्यता (Eligibility)** |
|---|---|
| **B.Lib.(I.Sc.)**<br>(1 वर्ष) | स्नातक डिग्री, किसी भी संकाय से, न्यूनतम 40% अंक |
| **BJMC**<br>(3 वर्ष, 6 सेमेस्टर) | इंटरमीडिएट (10+2), न्यूनतम 45% अंक |
| **M.Sc. (IT)**<br>(2 वर्ष, 4 सेमेस्टर) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातक, न्यूनतम 50% अंक<br>B.Sc. (IT/CS), B.Sc. (PCM/PMS), BCA, BE/BTech (IT/CS) |

डीएवी महाविद्यालय में उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश मापदंड एवं शैक्षणिक नियम श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के अनुसार होंगे।

डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज के प्राचार्य, प्रो. कौशल कुमार ने इस अवसर पर अपने वक्तव्य में कहा कि "महाविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता एवं छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर हम विशेष ध्यान देते हैं। इस स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इस अंतिम अवसर से उन सभी छात्रों को लाभ होगा, जो अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त करना चाहते हैं। मैं सभी योग्य छात्र-छात्राओं से आग्रह करता हूँ कि वे समय से आवेदन कर इस अवसर का पूरा लाभ उठाएँ। हमारा संपूर्ण शैक्षणिक एवं प्रशासनिक पक्ष छात्र सहायता के लिए सदैव तत्पर है।"

पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए कृपया नीचे दिए गए समर्थ पोर्टल आधिकारिक लिंक पर अवश्य जाएं: **पंजीकरण लिंक:** https://ukpgadmission.samarth.ac.in/

**डॉ. दीपेन्द्र निगम**
पाठ्यक्रम संयोजक, स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम
डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून
फोन: 9456544490